तापमान

अधिकतम 27.0 डिग्री

न्यूनतम 11.0 डिग्री

# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, मंगलवार 23 दिसंबर 2025



12 कलेक्टर नम्रता जैन ने मीडिया से किया संवाद...



13 जंगल आदिवासियों का हैं, एक भी डंगाल ...






## खबर संक्षेप



### मनरेगा के कुएं से बढ़ी आय आवास निर्माण में सहायता

**बीजापुर**। विकासखंड भोपालपटनम के ग्राम पंचायत दम्पाया हितग्राही वड्डे नागैया के यहां बनाये गए कुएं से प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त हुआ है। उनके पास लगभग 1 एकड़ 50 डिसमिल कृषि भूमि है, जिसमें महात्मा गांधी नरेगा से बने कुएं की सहायता से सिंचाई कर खेती की जा रही है। सिंचाई सुविधा उपलब्ध होने से हितग्राही द्वारा सब्जी उत्पादन, ईट निर्माण किया गया है, जिससे उन्हें नियमित आय होने के साथ ही अपने प्रधानमंत्री आवास निर्माण में भी सहायता मिल रही है। वड्डे नागैया को वित्तीय वर्ष 2023-24 में 2 लाख 10 हजार रुपए की लागत से मनरेगा से कुआं निर्माण की स्वीकृति की गई है। हितग्राही ने बताया कि कुएं के पानी का उपयोग करते हुए 1.50 एकड़ खेत में धान की फसल के अलावा सब्जी उत्पादन कर लगभग 10 हजार रुपए की अतिरिक्त आमदनी की।

### धुरली व कटेकल्याण में शिविर समस्याओं का किया समाधान



**दंतेवाड़ा**। सुशासन सप्ताह के तारतम्य में ब्लॉक दंतेवाड़ा के ग्राम पंचायत धुरली में सुशासन शिविर का आयोजन किया गया। आयोजन में जनपद उपाध्यक्ष रमेश गावड़े,जनपद सदस्य मंगल भास्कर ,जनपद सीईओ प्रदीप पटेल,सरपंच एवं पंचगण उपस्थिति हुए। शिविर में सभी विभागों द्वारा योजनाओं की जानकारी देने के साथ लोगों की समस्याओं का समाधान किया गया। शिविर शेष पेज 12 पर

# बस्तर की महिलाओं को मिलेगा बाजार की समझ का नया मंत्र

**आईआईटी भिलाई व कर्मा विवि की पहल, 395 स्वसहायता समूह महिलाएं होंगी सशक्त**

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

बस्तर अंचल की महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। आईआईटी भिलाई एवं शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान में 23 और 24 दिसंबर को शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय, कुम्हरावंड के ऑडिटोरियम में मार्केटप्लेस साक्षरता विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इस कार्यशाला में बस्तर संभाग के सातों जिलों से चयनित स्वसहायता समूहों की 395 महिलाएं भाग लेंगी। उद्घाटन सत्र 23 दिसंबर को सुबह 9:30 बजे प्रारंभ होगा। प्रथम सत्र के मुख्य प्रशिक्षक लोयोला मैरीमाउंट यूनिवर्सिटी, लॉस एंजिल्स अमेरिका के कॉलेज ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन में मार्केटिंग विभाग के प्रोफेसर मधु विश्वनाथन रहेंगे। कार्यक्रम में आईआईटी भिलाई के निदेशक शैक्षणिक प्रो राजीव प्रकाश,वनवासी कल्याण आश्रम के प्रांत संगठन मंत्री रामनाथ कश्यप, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के निदेशक प्रशासन अश्वनी देवांगन,स्वदेशी जागरण मंच के प्रांत समन्वयक जगदीश पटेल,विभाग प्रचारक संगठन यज्ञ सिंह तथा विवि कार्यपरिषद् सदस्य शिक्षा राजीव शर्मा की उपस्थिति रहेगी। अध्यक्षता कुलपति शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय प्रो एमके श्रीवास्तव करेंगे।

### उद्यमिता से जुड़े कैडर भी भाग लेंगे

इस प्रशिक्षण में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े संकुलस्तरीय पदाधिकारी एवं उद्यमिता से जुड़े कैडर भी भाग लेंगे। कार्यशाला के दौरान महिलाओं को यह बताया जाएगा कि वे अपने उत्पादों की पहचान कैसे बनाएं, उपभोक्ताओं की जरूरतों को कैसे समझें और बाजार में प्रतिस्पर्धा के बीच अपनी जगह कैसे सुनिश्चित करें। सुदूर ग्रामीण अंचलों से आने वाली महिलाओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए ठहरने एवं खान-पान की समुचित व्यवस्था की गई है, जिससे वे पूरे मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त कर सकें।



### मार्केट से सीधे जोड़ने पर जोर

कार्यशाला का उद्देश्य महिलाओं को बाजार की कार्यप्रणाली, उपभोक्ता व्यवहार,मूल्य निर्धारण,उत्पाद प्रस्तुति और निर्णय क्षमता से परिचित कराना है। प्रशिक्षण के माध्यम से महिला समूहों में उद्यमशीलता को बढ़ावा देने और उन्हें बाजार से सीधे जोड़ने पर विशेष जोर रहेगा। यह कार्यक्रम केवल सैद्धांतिक जानकारी तक सीमित नहीं रहेगा,बल्कि व्यावहारिक उदाहरणों के माध्यम से महिलाओं को बाजार की वास्तविक चुनौतियों और अवसरों को समझाया जाएगा।

### कांग्रेस ने विरोध में किया धरना- प्रदर्शन

# भगवान राम आस्था के केंद्र, उनके नाम पर महात्मा गांधी की पहचान को मिटाना अस्वीकार्य : बैज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की उपस्थिति में बस्तर जिला कांग्रेस शहर और ग्रामीण के संयुक्त तत्वाधान में व शहर जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में मनरेगा से महात्मा गांधी का नाम हटाने के विरोध में संजय मार्केट में धरना व विरोध प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में दीपक बैज ने कहा, मनरेगा सिर्फ एक योजना नहीं, बल्कि गांधी के विचारों से जुड़ा सामाजिक सुरक्षा का मजबूत स्तंभ है। कांग्रेस इसे किसी भी कीमत पर कमजोर नहीं होने देगी। भगवान राम देश की आस्था के केंद्र हैं, लेकिन उनके नाम पर महात्मा गांधी की पहचान को मिटाना अस्वीकार्य है। यह फैसला सामाजिक सौहार्द और ऐतिहासिक विरासत के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने न केवल योजना से महात्मा गांधी का नाम हटा दिया, बल्कि पूरी योजना को ही समाप्त कर दिया है। कांग्रेस नेताओं ने यह भी दावा किया कि मनरेगा के लिए केंद्र सरकार की ओर से दिया जाने वाला 90 प्रतिशत अनुदान घटाकर 60 प्रतिशत कर दिया गया है। उनके अनुसार नई योजना में कई ऐसे बदलाव किए गए हैं, जिससे मूल योजना का उद्देश्य ही समाप्त हो गया है। कांग्रेस पार्टी इसका पुरजोर विरोध करती है। मांग करती है कि मनरेगा का नाम और उसकी मूल पहचान बरकरार रखी जाए। सुशील मौर्य ने कहा है कि मनरेगा योजना से गांधी का नाम हटाना उनकी विचारधारा एवं राष्ट्रपिता के सम्मान पर सीधा हमला है। केंद्र सरकार ने अपमान तो किया ही है साथ में इसे कमजोर भी कर दिया है। केंद्र सरकार एक सोची समझी राजनीति के तहत ग्रामीण गरीबों व असहाय लोगों को काम के अधिकार के कानून से बंचित कर रही है। उन्होंने प्रदेश के लोगों का इस नए बिल का डटकर विरोध करने का आह्वान किया।



### वरिष्ठ नेताओं ने दिया भाषण

धरना प्रदर्शन में पूर्व विधायक रेखचंद जैन, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, उमाशंकर शुक्ला, प्रकाश अग्रवाल, बलराम यादव, विशाल खंबारी, दयाराम कश्यप ने भी संबोधित किया। मंच संचालन राष्ट्रीय प्रवक्ता युवा कांग्रेस जावेद खान व पार्षद सूयापानी ने किया।

### ये रहे उपस्थित

इस दौरान पूर्व महापौर जतिन जायसवाल, कविता साहू, रामशंकर राव, दिनेश यदू, हनुमान द्विवेदी, अंगद त्रिपाठी, विक्रम सिंह डांगी, गौरनाथ नाग, उदयनाथ जेम्स, अनवर खान, हेमू उपाध्याय, रविशंकर तिवारी, नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, कुलदीप भदौरिया, विजय सिंह,वीरेंद्र परिहार, मनोज साहनी, हरिसिंह, वेंकट राव, महिला कांग्रेस अध्यक्ष लता निषाद, चम्पा ठाकुर, उपनेता कोमल सेना,युवा कांग्रेस अध्यक्ष निकेत राज झा, सेवादल अध्यक्ष कौशल नागवंशी, प्रभारी महामंत्री अभिषेक नायडू,जाहिद हुसैन, सुभाष गुलाटी, महामंत्री अल्ताफ उल्ला खान, बालेश दुबे,महेश द्विवेदी, जीशान कुरैशी सहित अन्य कांग्रेसी मौजूद रहे।

# गौण खनिज का अवैध परिवहन पोकलेन सहित 10 वाहन जब्त





हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

■ बस्तर में खनिज माफिया पर प्रशासन ने की कार्रवाई

खनिज विभाग ने गौण खनिज परिवहन मामले में पोकलेन सहित 10 वाहनों को जब्त किया है। बस्तर जिले में अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन पर पूरी तरह रोक लगाने के उद्देश्य से कलेक्टर हरिस एस के कड़े निर्देशों के परिपालन में खनिज विभाग ने एक बड़ी कार्रवाई की। खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में विभागीय जांच दल ने विगत 18 एवं 20 दिसंबर को जिले के गढ़िया, सोनारपाल, जगदलपुर और टिकरा लोहंगा क्षेत्रों में औचक निरीक्षण किया। इस सघन जांच अभियान के दौरान खनिज विभाग ने अवैध रूप से गौण खनिज रेत और मुरम का शेष पेज 12 पर

### दी गई चेतावनी

*खनिज विभाग ने जिले के सभी ठेकेदारों और परिवहनकर्ताओं को पुनः चेतावनी दी है कि बिना वैध अभिवहन पास के खनिजों का परिवहन एक दंडनीय अपराध है। भविष्य में भी अवैध परिवहनकर्ताओं पर इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी।*

### नियमानुसार कर रहे कार्रवाई

प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पकड़े गए सभी वाहन मालिकों के विरुद्ध छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियमावली 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास तथा विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है। इस पूरी कार्रवाई में खनिज अधिकारी के साथ सिपाही डिकेश्वर खरे, पचेयपन तथा नगर सैनिक अनंतराम कुंवर, चमनलाल बघेल और देवीराम बघेल ने सक्रिय भूमिका निभाई।



# सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचा कर ग्रामीणों को लाभ दिलाएं : लाटिया



हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

■ चित्रकोट विधानसभा में बूथ स्तरीय कार्यकर्ता बैठक में पहुंचे 4 मंडल के कार्यकर्ता

चित्रकोट विधानसभा क्षेत्र के चारों मंडल के कार्यकर्ताओं की विधानसभा स्तरीय बैठक संपन्न हुआ। बूथ केंद्र अध्यक्ष, बीएलए, भाजपा पदाधिकारियों का मिलन समारोह रखा गया। जिला प्रभारी सतीश लाटिया, जिलाध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे, सांसद महेश कश्यप व विधायक विनायक गोयल ने कार्यकतार्ओं में जोश भरा। चित्रकोट विधानसभा के सभी शक्ति केंद्र में कार्यकतार्ओं की मजबूती और बूथस्तरीय सशक्तिकरण को लेकर बैठक सोमवार को चित्रकोट में संपन्न हुई। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता समन्वय एवं जनसंपर्क को लेकर विस्तार से जानकारी दी गई। जिला प्रभारी सतीश लाटिया ने कहा बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, कार्यकर्ताओं को शेष पेज 12 पर

### सम्मेलन से नई दिशा और ऊर्जा

चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने कहा कि कार्यकर्ता सम्मेलन संगठन को नई दिशा और ऊर्जा प्रदान करता है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करें। अटलजी के राष्ट्रनिर्माण के विचारों को जन-जन तक पहुंचाने में सहभागी बनें।

### जनसेवा से जुड़े बिंदुओं पर चर्चा

सम्मेलन के दौरान संगठनात्मक विषयों, आगामी कार्यक्रमों तथा जनसेवा से जुड़े विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बैदूराम कश्यप, लच्छूराम कश्यप, तोकापाल मंडल प्रभारी योगेन्द्र पांडे, लोहण्डीगुड़ा प्रभारी नारायण ठाकुर, रजनीश पानीग्राही, रैतू बघेल, परीस बेसरा, लखीधर बघेल, बलदेव मण्डावी, रितेश जोशी, मंगतु कश्यप, सोमारू कश्यप, देवी प्रसाद, सुनील कुहरामी, चंद्रभान कश्यप, पदमा कश्यप, बसंत कश्यप, भरत कश्यप, सावेंद्र सेठिया, चंद्रशेखर ठाकुर, नरेश खापार्डे, हेमराज ठाकुर, नरसिंह ठाकुर, मुन्ना कश्यप, डोमू कश्यप सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# रेललाइन दोहरीकरण का असर, विशाखापटनम किरन्दुल पैसेंजर चार दिन रद्द, नाइट एक्सप्रेस रहेगी नियमित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

■ घाट सेक्शन में तकनीकी कार्य तेज

रेललाइन दोहरीकरण कार्य के चलते विशाखापत्तनम से किरन्दुल के बीच नियमित रूप से चलने वाली पैसेंजर ट्रेन का परिचालन बंद रहेगा। यह ट्रेन 23 व 27 दिसम्बर तथा 3 और 5 जनवरी को चार दिनों तक नहीं चलेगी। पैसेंजर ट्रेन के दिन में चलने के कारण दोहरीकरण से जुड़े तकनीकी कार्यों को सुरक्षित और सुचारु ढंग से पूरा करने के लिए यह निर्णय लिया गया है।

किरन्दुल, कोत्तवालसा रेल लाइन के घाट सेक्शन में कोरापुट से अरकू के बीच दोहरीकरण का कार्य अलग-अलग पैच में जारी है। इसमें एनआईए, ओएचई, सिग्नलिंग सिस्टम सहित कई कार्य शामिल हैं। दिन के समय काम करने में



सुविधा होने के कारण पैसेंजर ट्रेन को अस्थायी रूप से निरस्त किया गया है। यह ट्रेन किरन्दुल से सुबह 5 बजे रवाना होकर बचेली, भांसी, दंतेवाड़ा और गीदम होते हुए सुबह 9.50 बजे जगदलपुर पहुंचती है। फिर 10 बजे जगदलपुर से ओड़िशा के जयपुर और कोरापुट होते हुए विशाखापत्तनम जाती है। केके लाइन में किरन्दुल से विशाखापत्तनम तक चलने वाली नाइट एक्सप्रेस पर इस कार्य का कोई असर नहीं पड़ेगा और उसका परिचालन नियमित रहेगा। यह जानकारी विशाखापत्तनम रेल मंडल के सीनियर डिविजनल कमर्शियल मैनेजर पवन कुमार ने दी है।

# किसानों की अनदेखी बर्दाश्त नहीं : गोयल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| सुकमा

■ कूकानार एनएच पर किसानों ने किया विरोध प्रदर्शन

■ धान एवं मक्का फसलों को सड़क में बिखेरकर जताई नाराजगी

भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला सुकमा के पदाधिकारियों एवं सैकड़ों किसानों ने बस्तर जिला अध्यक्ष रमेश गोयल के नेतृत्व में सुकमा जिले के छिंदगढ़ ब्लॉक के कूकानार एनएच पर विरोध प्रदर्शन किया।

इस दौरान आ क्रो शि त किसानों ने सड़क पर धान एवं मक्का की फसलों को बिखेरकर शासन को संदेश दिया कि यदि किसानों की मेहनत की फसल को उचित दाम नहीं मिलेगा तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। किसानों ने सड़क जाम कर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए मांगों को उठाया। अधिकारियों को सौंपे गए ज्ञापन में मांग की गई कि धान खरीदी की प्रति दिवस लिमिट तत्काल बढ़ाई जाए। मक्का फसल को समर्थन मूल्य में अविलंब शामिल किया जाए।धान के समर्थन मूल्य से जुड़ी सभी विसंगतियों को तुरंत दूर किया जाए। किसानों को परेशान करने वाली नीतियों को तत्काल समाप्त किया जाए। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि शासन, प्रशासन ने किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नहीं लिया। शीघ्र समाधान नहीं किया तो आने वाले दिनों में जिला एवं संभाग स्तर पर बड़े आंदोलन, चक्काजाम एवं अनिश्चितकालीन शेष पेज 12 पर





**तेज़ रफ्तार खेल,सटीक फिनिशिंग और मजबूत रणनीति ने बनाया मुकाबला एकतरफा**

# संतोष ट्रॉफी में ओडिशा का दमदार आगाज, मध्यप्रदेश पर 4-0 की जीत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर

■ तेलंगाना ने छत्तीसगढ़ को दी शिकस्त

नारायणपुर के रामकृष्ण आश्रम फुटबॉल ग्राउंड में आयोजित संतोष ट्रॉफी फुटबॉल प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में ओडिशा की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए मध्यप्रदेश को 4–0 से पराजित कर दिया। मैच की शुरुआत से ही ओडिशा ने आक्रामक तेवर दिखाए और गेंद पर बेहतर नियंत्रण के साथ मध्यप्रदेश की रक्षापंक्ति पर लगातार दबाव बनाए रखा।

पहले हाफ में ही ओडिशा ने तेज पासिंग और विंग अटैक के जरिए बढ़त बना ली, जिससे मध्यप्रदेश की टीम संभल नहीं पाई। दूसरे हाफ में भी ओड़िसा का दबदबा कायम रहा और मौके का पूरा फायदा उठाते हुए दो और गोल दागे। मध्यप्रदेश की टीम ने वापसी की कोशिश जरूर की, लेकिन ओड़िसा की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति को भेदने में असफल रही। मैच के दौरान दर्शकों में जबरदस्त उत्साह देखने को मिला। रोमांचक मूव्स, शानदार गोल और अनुशासित खेल ने संतोष ट्रॉफी के इस मुकाबले को यादगार बना दिया। इस जीत के साथ ओडिशा ने प्रतियोगिता में मजबूत दावेदारी पेश की है, वहीं मध्यप्रदेश को अगले मैचों में अपनी रणनीति पर नए सिरे से काम करना होगा। मैच के दौरान निर्णायक भूमिका निभाने वाले खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की खेलप्रेमियों ने सराहना की। आयोजन से जुड़े पदाधिकारी और खेल विभाग के प्रतिनिधि भी मैदान पर मौजूद रहे और सफल आयोजन पर संतोष जताया।



### छत्तीसगढ़ को तेलंगाना से 1–2 की शिकस्त



मैच की शुरुआत आक्रामक रही। छत्तीसगढ़ ने संगठित डिफेंस और मिडफील्ड के माध्यम से शुरुआती दबाव बनाया,जिसका परिणाम पहले हाफ में गोल के रूप में सामने आया। हालांकि मध्यांतर के बाद तेलंगाना ने अपनी रणनीति बदली और तेज मूवमेंट व सटीक पासिंग के सहारे खेल पर नियंत्रण स्थापित किया। दूसरे हाफ में तेलंगाना ने लगातार दबाव बनाते हुए दो गोल दागे और मुकाबले की दिशा पलट दी।

आज के दूसरे मैच में छत्तीसगढ़ और तेलंगाना के बीच हुआ। जिसमे कड़े मुकाबले में छत्तीसगढ़ को तेलांगना ने 1-2 से शिकस्त देकर अपने कब्जे में किया। पहले मैच में ओड़िसा ने शुरुआती मिनटों से ही आक्रामक खेल दिखाया, पहले हाफ में बढ़त बनाई। दूसरे हाफ में दबाव बनाए रखते हुए कुल चार गोल किए,जबकि मध्यप्रदेश की टीम कोई गोल नहीं कर सकी। मुकाबला 4–0 से ओड़िसा के पक्ष में समाप्त हुआ। 15वां मिनट पेनाल्टी शूट आउट में जर्सी नम्बर 10 में कार्तिक हंताल ओडिशा ने अपने टीम के लिए पहला गोल कर बढ़त दिलाया। जबकि 45+1 मिनट जर्सी नम्बर 9 में श्रीकांत गड़ाबा ओडिशा 50वां मिनट में जर्सी नम्बर 4 में राकेश ओराम ओडिशा 89वां मिनट में जर्सी नम्बर 6 पहने अर्पण लकड़ा (ओड़िसा) ने गोल कर अपने टीम को 4-0 से मैच पर कब्जा किया।

## खबर संक्षेप

### रमशीला बनीं भाजपा महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश उपाध्यक्ष

**नारायणपुर।** भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा छत्तीसगढ़ की प्रदेश कार्यकारिणी में नारायणपुर नगर पालिका परिषद की पार्षद एवं वरिष्ठ भाजपा नेत्री रमशीला नाग को प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से जिले में हर्ष और गौरव का वातावरण है। रमशीला नाग 2010 से 2016 तक महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष रहीं तथा इसके बाद लगातार तीन कार्यकाल तक प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में सक्रिय भूमिका निभाती रहीं। संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, अनुभव और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए पार्टी ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। अपनी नियुक्ति पर उन्होंने भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी सहित शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने और महिला सशक्तिकरण के लिए कार्य करने का संकल्प दोहराया। उनकी इस नियुक्ति पर भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों में विशेष उत्साह देखा जा रहा है।



### मारडूम शक्ति केंद्र में कार्यकर्ताओं को दी संगठनात्मक जानकारी



**जगदलपुर।** भारतीय जनता पार्टी ने लोहण्डीगुड़ा मंडल के मारडूम शक्ति केंद्र में कार्यकतार्ओं व संगठनात्मक मजबूती और एसआईआर संबंधित पुनःनिरीक्षण का कार्यशाला एवं बूथस्तरीय सशक्तिकरण को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में आगामी संगठनात्मक कार्यक्रमों, बूथ प्रबंधन, कार्यकर्ता समन्वय एवं जनसंपर्क को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। मंगतु कश्यप ने बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, कार्यकतार्ओं को जिम्मेदारियां सौंपने और पार्टी की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आहवान किया। इस दौरान मिडिया प्रभारी भरत कश्यप, मोती कश्यप, कमलू करटाम, लिबरू कश्यप, तुलाराम सेठ्ठी, लिंगो राम, सोबीत, सुखचंद, तुलसी, डमरू, बिटलू सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव 23 को

**कुरुद।** युवाओं एवं विद्यालयीन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास स्वस्थ जीवन शैली को प्रोत्साहित करने तथा जिले में खेल संस्कृति को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सांसद खेल महोत्सव 2025-26 का आयोजन किया जा रहा है। सांसद खेल महोत्सव अंतर्गत संकुल स्तरीय प्रतियोगिताएं पूरी कर ली गई हैं। प्रतियोगिता के द्वितीय चरण में अब विधानसभा स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। विधानसभा कुरुद की विधानसभा स्तरीय प्रतियोगिता बुधवार को प्रातः 9 बजे से स्थान अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम कुरूद में होगी।

# सीआरएमसी भुगतान आदेश जारी, डॉक्टरों ने स्थगित की हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणपुर

छत्तीसगढ़ रूरल मेडिकल कोर प्रोत्साहन राशि के भुगतान को लेकर बीते सात दिनों से चल रहा डॉक्टरों एवं स्वास्थ्यकर्मियों का ओपीडी बहिष्कार आखिरकार समाप्त हो गया है। 17 दिसंबर को आरओपी 2025–26 के अंतर्गत बजट स्वीकृति तथा 19 दिसंबर को अपर संचालक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा सभी जिलों के सीएमएचओ को भुगतान आदेश जारी किए जाने के बाद नारायणपुर जिले के डॉक्टरों ने हड़ताल स्थगित करने की घोषणा की। जिला अस्पताल नारायणपुर सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र एवं उपस्वास्थ्य केंद्रों में कार्यरत डॉक्टर, स्टाफ नर्स, आरएमए एवं एएनएम इस आंदोलन में पूरी मजबूती से शामिल रहे। सीआरएमसी राशि के 12 माह से लंबित भुगतान के विरोध में नारायणपुर जिले में ओपीडी सेवाएँ बंद कपूर्ण और अनुशासित आंदोलन किया गया था।

डॉक्टरों ने कहा कि यह आंदोलन किसी व्यक्ति विशेष का नहीं, बल्कि नारायणपुर सहित पूरे बस्तर संभाग के स्वास्थ्यकर्मियों की एकता की जीत है। आंदोलन के दौरान मरीजों की असुविधा के बावजूद आपातकालीन सेवाएँ निरंतर चालू रखी गईं।

## बजट स्वीकृति और भुगतान आदेश जारी होते ही स्वास्थ्य सेवाएं बहाल

### सबका रहा सहयोग

स्वास्थ्यकर्मियों ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल का आभार व्यक्त किया, जिनके हस्तक्षेप से भुगतान आदेश जारी हो सका। साथ ही प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक संजारी-बालोद संगीता सिन्हा, पूर्व स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ राकेश गुप्ता के सहयोग और समर्थन के लिए धन्यवाद दिया गया। इसके अतिरिक्त छत्तीसगढ़ डॉक्टर्स फेडरेशन, जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन, इंडियन डॉक्टर्स एसोसिएशन तथा मीडिया को भी आंदोलन में सहयोग हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया गया।



### डॉक्टर्स ने दी शेष राशि जारी न होने पर पुनः आंदोलन की चेतावनी

डॉक्टरों ने यह भी स्पष्ट किया कि वर्तमान बजट से केवल लगभग छह माह की सीआरएमसी राशि का ही भुगतान संभव है, जबकि कुल लंबित अवधि 12 माह की है। शेष राशि के लिए शीघ्र बजट प्रावधान नहीं होने की स्थिति में 27 जनवरी 2026 से पुनः आंदोलन की चेतावनी दी गई है। फिलहाल नारायणपुर जिले में ओपीडी सेवाएँ पुनः सामान्य रूप से प्रारंभ कर दी गई हैं।

## शहर की साफ-सफाई, सड़क और तालाबों के विकास पर पत्रकारों के सुझाव

# कलेक्टर नम्रता जैन ने मीडिया से किया संवाद, विकास में साझेदारी का दिया संदेश

एजेंसी ▶▶| नारायणपुर

नव पदस्थ कलेक्टर नम्रता जैन ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिले के मीडिया प्रतिनिधियों की प्रेस वार्ता किया। उन्होंने सभी मीडिया प्रतिनिधियों से परिचय प्राप्त करते हुए जिले के विकास में सहभागी बनने के लिए अपने सुझाव देने के लिए कहा। पत्रकारों ने जिले को विकसित करने के लिए शहर के सड़कों, तालाबों और शौचालयों का साफ सफाई करने हेतु सुझाव दिये। उनके सुझाव को गंभीरता से लेते हुए बंधुआ तालाब का सौंदर्यीकरण, बाईपास सड़क, ट्रांसपोर्ट नगर, नारायणपुर से कोण्डागांव सड़क निर्माण कार्य में तेजी लाने सहित विभिन्न मूलभूत सुविधाओं में सुधार लाने की बात कही। उन्होंने कहा कि अबुझमाड़ क्षेत्र को प्राथमिकता के साथ विकसित किया जाएगा, जिसमें अस्पताल में चिकित्सकों की व्यवस्था करने, शिक्षा, पेयजल, सड़क आदि बुनियादी सुविधा पर सबसे पहले कार्य किया जाएगा। अबुझमाड़ क्षेत्र के पढ़ने वाले बच्चों को आईआईटी, एनआईटी और नीट की तैयारी करने हेतु जिला प्रशासन के द्वारा प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जिले के पर्यटन स्थलों को विकसित करने के लिए सर्वेक्षण कराया जा कर सभी व्यवस्थाएं पर्यटकों को उपलब्ध कराया जाएगा। गांवों में संस्कृति को संरक्षित एवं संवर्धन के लिए ग्राम पंचायतों को जिम्मेदारियां दी जाएगी। पत्रकारों ने मांईस के वाहनों को निर्धारित समय में संचालन करने का सुझाव दिया। कलेक्टर ने उनके सुझाव को गंभीरता से लेते हुए निराकरण करने आश्वस्त किया। जिले में धान खरीदी केन्द्रों में पर्याप्त बारदाने, पेयजल एवं शौचालय सहित सभी व्यवस्था सुनिश्चित एवं पारदर्शिता के साथ धान खरीदी कराने की जानकारी दी। जिले के बच्चों को नवोदय एवं केन्द्रीय विद्यालय में प्रवेश के लिए कोचिंग दिया जाएगा।

■ अबूझमाड़ को प्राथमिकता, शिक्षा स्वास्थ्य पर रहेगा विशेष फोकस



### ये रहे उपस्थित

इस दौरान अपर कलेक्टर बीरेन्द्र बहादुर पंचभाई, जनसंपर्क अधिकारी संतकुमार कच्छप, वरिष्ठ निज सहायक दीपक हिरवानी, जिला समन्वयक जनसंपर्क सुरेश्वर निषाद सहित प्रिंट, इलेक्ट्रानीक और सोशल मीडिया के पत्रकारगण उपस्थित थे।

# तकनीक और मेहनत से बदली खेती की तस्वीर

## सब्जी उत्पादन में आत्मनिर्भर बने सतीश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

केशकाल विकासखंड के ग्राम बहीगांव निवासी सतीश पाठक ने आधुनिक तकनीकों के माध्यम से उद्यानिकी खेती अपनाकर न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत की है, बल्कि अन्य किसानों के लिए प्रेरणा भी बने हैं। राष्ट्रीय बागवानी मिशन के तहत 2.275 हेक्टेयर में ड्रिप सिंचाई और मल्चिंग तकनीक अपनाकर उन्होंने टमाटर की खेती शुरू की। श्री पाठक के अनुसार, पारंपरिक खेती में उन्हें 100 क्विंटल उत्पादन मिलता था, जबकि आधुनिक तकनीकों के बाद यह बढ़कर 180 क्विंटल तक पहुंच गया। उत्पादन में वृद्धि और लागत में कमी से उन्हें प्रतिवर्ष लगभग 4.35 लाख रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हो रहा है। राष्ट्रीय बागवानी मिशन और उद्यानिकी विभाग के मार्गदर्शन में उन्हें उन्नत बीज, जैविक खाद और तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त हुआ। उन्होंने फसल चक्र, समय पर सिंचाई, रोग–कीट प्रबंधन और बाजार की मांग के अनुसार अपनी खेती योजना बनाई।

■ केशकाल के बहीगांव में आधुनिक उद्यानिकी खेती से बढ़ी आय



### अन्य किसानों के लिए मिसाल

सतीश पाठक की सफलता देखकर आसपास के कई किसान भी पारंपरिक खेती छोड़कर उद्यानिकी और सब्जी उत्पादन की ओर आकर्षित हुए हैं। अब वे अन्य किसानों को फसल प्रबंधन, उन्नत बीज चयन और तकनीकी खेती के बारे में मार्गदर्शन भी देते हैं।

# कांग्रेस पार्षदों के आंदोलन से निगम ठेकेदारों ने झाड़ा पल्ला

■ कहा : न तो निगम प्रशासन से कोई समस्या है और न ही महापौर से कोई नाराजगी




हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

नगर निगम में कांग्रेस पार्षदों द्वारा किए जा रहे आंदोलन को लेकर नगर निगम ठेकेदार एसोसिएशन ने अपना पक्ष स्पष्ट कर दिया है। एसोसिएशन ने साफ शब्दों में कहा है कि कांग्रेस पार्षदों के किसी भी आंदोलन को नगर निगम के ठेकेदारों का कोई समर्थन नहीं है और इस आंदोलन से ठेकेदारों का दूर-दूर तक कोई लेना-देना नहीं है। नगर निगम ठेकेदार एसोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य भुनेश चक्रधारी, राजू कुरैशी, राकेश तिवारी, मुकेश फौजदार, पिंटू अग्रवाल, डायमंड देवांगन, मंशाराम साहू, अनिल कौशिक, विजय पांडे और सनी ठाकुर ने संयुक्त रूप से बयान जारी कर कहा कि ठेकेदारों की ओर से न तो किसी आंदोलन को समर्थन दिया गया है और न ही भविष्य में ऐसा कोई इरादा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार के बाद शनिवार को अवकाश होने के कारण आंदोलन स्थल के समीप कुछ कुर्सियां खाली पड़ी थीं। उसी दौरान कुछ ठेकेदार वहां जाकर बैठ गए, जिसका किसी अज्ञात व्यक्ति ने फोटो व वीडियो बनाकर गलत आशय के साथ सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इससे ठेकेदारों की छवि को नुकसान पहुंचाने की कोशिश की गई।

एसोसिएशन ने यह भी स्पष्ट किया कि नगर निगम के ठेकेदारों को न तो निगम प्रशासन से कोई समस्या है और न ही महापौर से कोई नाराजगी। ठेकेदारों का कहना है कि महापौर रामू रोहरा द्वारा हमेशा सहयोगात्मक रवैया अपनाया गया है, ऐसे में असंतोष या विरोध का कोई सवाल ही पैदा नहीं होता। वरिष्ठ सदस्य पिंटू अग्रवाल ने कहा कि यह विपक्षियों की चाल है ताकि संगठन व महापौर का संबंध खराब हो।

# दृष्यता कम होने पर गाड़ी खड़ी कर दें, हैजर्ड लाइट ऑन रहने दें




कोहरे भरे मौसम में दुर्घटना कम करने ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

अंचल में कड़कड़ाती ठंड पड़ रही है। सुबह सुबह कोहरे के कारण दुर्घटना का खतरा कई गुना बढ़ गया है। स्थिति को देखते हुए यातायात पुलिस ने सुबह वाहनों के लिए एडवाइजरी जारी की है। पुलिस ने सलाह दी है कि सुबह ज्यादा घना कोहरा होने की स्थिति में वाहन को सुरक्षित जगहों पर खड़ी कर दें और हैजर्ड लाइट ऑन कर दें।

जिले में शीतलहर की स्थिति बनी हुई है। सुबह सुबह काफी घना कोहरा देखने को मिल रहा है। कई दिन तो कोहरा इतना ज्यादा होता है कि सड़क पर कुछ नजर ही नहीं आता है। इस स्थिति में दुर्घटना का खतरा बना रहता है। ट्रैफिक पुलिस ने दुर्घटनाओं से बचने के लिए वाहन चालकों को सावधानी बरतने की अपील की है। यातायात पुलिस ने कहा है कि घने कोहरे में दृश्यता (विजिबिलिटी) कम हो जाने से दुर्घटना का खतरा बढ़ जाता है, ऐसे में सावधानी ही सुरक्षित सफर और सुरक्षित जीवन का सबसे मजबूत आधार है। पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कहा है कि कोहरे की स्थिति में वाहन चलाते समय लो बीम लाइट का प्रयोग करना चाहिए। वाहन की गति सीमित और संयमित रखना जरूरी है। आगे चल रहे वाहन से सुरक्षित दूरी बनाए रखे, ओवरटेकिंग से बचें, विंडशील्ड एवं शीशे साफ रखें, यदि कोहरा अत्यधिक हो और आगे दिखाई न दे तो वाहन को सुरक्षित स्थान पर पार्क करें। रुके हुए वाहन पर हैजर्ड लाइट का प्रयोग अनिवार्य रूप से करें, सड़क पर बने मार्किंग लेन का पालन करें। स्वयं की सुरक्षा के साथ-साथ अन्य सड़क उपयोगकर्ताओं की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दें तथा यातायात नियमों का पूर्ण पालन करें।

# दण्डवन में किसानों को मिला मृदा स्वास्थ्य कार्ड का लाभ


हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव



कोंडागांव जिले के विकासखंड माकड़ी अंतर्गत ग्राम दण्डवन में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। कार्यक्रम में कृषि सभापति मेशलाल पोयाम ने किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड प्रदान कर संतुलित खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया। कृषि सभापति ने कहा कि मृदा स्वास्थ्य कार्ड से किसानों को अपनी जमीन की उर्वरता की सही जानकारी मिलेगी, जिससे उचित उर्वरक का प्रयोग कर लागत घटेगी और उत्पादन बढ़ेगा। कार्यक्रम के दौरान एक दिवसीय पी.के.वी.वाय. जैविक खेती प्रशिक्षण भी आयोजित किया गया, जिसमें किसानों को प्राकृतिक एवं जैविक खेती की तकनीकों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ कृषि अधिकारी श्रीमती मीना नेताम, कृषि अधिकारी आलोक यादव एवं सुतम कवर उपस्थित रहे। उन्होंने किसानों को योजनाओं की जानकारी देते हुए आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने का आग्रह किया। कार्यक्रम में किसान जुगधार, शम्भू, सदन, मालिन्द, उदयप्रताप, आयतु, कवलसिंह, पंचुराम, नरसिंघ, चौतू, कोरजू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। सभी किसानों ने मृदा स्वास्थ्य कार्ड एवं प्रशिक्षण को खेती के लिए उपयोगी बताया।

# घर के पास खेल रही बच्ची को पागल कुत्ते ने काटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी



घर के पास खेल रही बच्ची पर एक पागल कुत्ते ने हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया। बच्ची को उपचार के लिए हायर सेंटर रिफर किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार अर्जुनी थाना के ग्राम पोटियाडीह में इन दिनों पागल कुत्ते के आतंक से ग्रामीणों में दहशत है। वे बच्चों को लेकर काफी चिंतित हैं। एक पागल कुत्ता लोगों पर लगातार हमला कर रहा है। दो दिन पहले एक ग्रामीण पर हमला किया था। इस घटना के बाद पागल कुत्ते ने साढ़े पांच साल की बच्ची पर हमला कर बुरी तरह से नोंचकर घायल कर दिया है। पोटियाडीह निवासी हुमेश्वर साहू की साढ़े पांच वर्षीय बेटी प्रियांशी साहू गुरूवार की शाम अपने घर के पास खेल रही थी। इसी दौरान एक पागल कुत्ता पहुंच गया। कुत्ते ने खेल रही बच्ची पर अचानक हमला कर सिर व हाथों को नोंचकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। किसी तरह बच्ची को कुत्ते से बचाकर लहुलूहान हालत में उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया जहां प्राथमिक उपचार पर आवश्यक एंटीरैबीज वैक्सीन लगाकर इलाज किया गया।

## एक हजार हेक्टेयर में बनना था पार्क

# भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया गंगरेल का जैव विविधता पार्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶|धमतरी

पांच साल पहले वन विभाग द्वारा प्रस्तावित गंगरेल का जैव विविधता पार्क भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गया है। 1000 हेक्टेयर में बनने जा रहा यह पार्क अब एक सपना बनकर रह गया है। जाली तार का घेरा जगह-जगह से टूट गया है। चोरी भी होने लगी है।

उल्लेखनीय है कि गंगरेल मार्ग में भिलाई नहर से लेकर सोरम-भिलाई नहर पुल तक सोरम पुल से डांगीमाचा मार्ग होते हुए गंगरेल से भिलाई नहर तक 1000 हेक्टेयर जंगल को जैव विविधता पार्क के रूप में विकसित किया जाना था। इस एरिया को तार घेरा करने के लिए 2 करोड़ रूपये की स्वीकृति शासन से प्राप्त हुई। इस राशि से 13728.50 मीटर तार घेरा किया जाना था। विभागीय कार्य शुरू हुआ। तार घेरा का कार्य जोर-जोर से किया जाने लगा। तभी घेराबंदी कार्य को लेकर अनियमितता की शिकायत हुई। शिकायत जांच में पाया गया कि प्रत्येक दस फीट की दूरी में पाईल गड्ढा कर कॉलम निकालना था लेकिन पाईल गड्ढा किए बिना ही कॉलम निकाला गया है। जांच में अनियमितता पाए जाने के बाद निर्माण कार्य पर ब्रेक लग गया। धमतरी रेंजर संदीप सोम ने बताया कि इस मामले का प्रकरण अभी चल रहा है। जैव विविधता पार्क पेंडिंग में चला गया है।



### क्या है जैव विविधता पार्क

वन विभाग के जैव विविधता कार्यक्रम में कई महत्वपूर्ण कार्य और उद्देश्य होते हैं। इसमें प्राकृतिक वनों और वन्यजीवों की विविध प्रजातियों, उनके आवासों और आनुवांशिक संसाधनों की रक्षा करना, पर्यावरणीय स्थिरता और पारिस्थितिक संतुलन को सुनिश्चित करना, वनों का वैज्ञानिक प्रबंधन, वनों की कटाई या अन्य कारणों से खराब हुए वन क्षेत्रों का पुनर्वास, स्थानीय समुदायों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर पैदा करना और वन प्रबंधन में उनकी भागीदारी, मृदा एवं जल संरक्षण जैसे अनेक कार्य शामिल हैं।

## पेज 11 के शेष

### गौण खनिज का ...

परिवहन और उत्खनन करते हुए 10 वाहनों को रंगे हाथों पकड़ा है। विभाग द्वारा की गई इस कार्रवाई में सबसे महत्वपूर्ण जब्ती मुरम के अवैध उत्खनन में संलिप्त एक पोकलेन मशीन और एक टिप्पर को जब्त किया गया है। इसके अतिरिक्त रेत के अवैध परिवहन में लिप्त अन्य नौ वाहनों पर भी कार्रवाई की गई है। विभाग ने मौके से टिप्परों को जब्त किया है। वहीं छोटे वाहनों के जरिए अवैध परिवहन करने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को भी जब्त कर लिया गया है। ये सभी वाहन बिना किसी वैध दस्तावेज के खनिज संपदा का परिवहन कर रहे थे, जिन्हें अब पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया है।

### सरकारी योजनाओं को ...

जिम्मेदारियां सौंपने और पार्टी की रीति-नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आहवान किया।सरकारी योजनाओं को हर घर तक पहुंचाकर ग्रामीण को लाभ दिलाने को कहा। उन्होंने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी का संपूर्ण जीवन राष्ट्र सेवा, लोकतंत्र और सुशासन को समर्पित रहा है। उनके विचार आज भी कार्यकतार्ओं के लिए मार्गदर्शक हैं। कार्यकर्ता संगठन की रीढ़ होते हैं और उनकी सक्रियता से ही पार्टी जन-जन तक अपनी विचारधारा पहुंचा पाती है। सांसद महेश कश्यप ने कहा कि कार्यकर्ताओं ने सदैव जनसेवा को प्राथमिकता दी है। अटल जी के जन्म शताब्दी वर्ष में हम सभी का दायित्व है कि उनके विचारों और सिद्धांतों को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाएं। उन्होंने कार्यकतार्ओं से निरंतर जनसंपर्क और सेवा कार्यों में सक्रिय रहने का आह्वान किया।

### किसानों की अनदेखी ....

प्रदर्शन किए जाएंगे। इस आंदोलन में बस्तर जिला अध्यक्ष रमेश गोयल, भारतीय किसान यूनियन टिकैत जिला सुकमा के प्रमुख पदाधिकारी रमेश नाग, सुनील सोढ़ी, बिरसिंह मंगली, जगतु राम सहित बड़ी संख्या में किसान, मजदूर एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### धुरली व कटेकल्याण ...

में कुल 142 मांग के आवेदन प्राप्त हुए। इस दौरान समाज कल्याण विभाग द्वारा दिव्यांग जनों को सहयोग उपकरण का वितरण किया गया। इसके अलावा जनपद पंचायत कटेकल्याण में भी शिविर में 10 हितग्राहियों को मसूर के बीज का वितरण किया गया।

**खबर संक्षेप**

## कासोली में होगा वार्षिकोत्सव



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में वार्षिक कोया (करसाड़) सम्मेलन 2026 के स्थल चयन के सम्बन्ध में चर्चा की गई। गौरतलब है कि प्रतिवर्ष कोया आदिवासी समाज द्वारा वार्षिक उत्सव मनाया जाता है जो की अपने समाज में एकता नई युवा पीढ़ी को रीति रिवाज आदि के बारे में जानकारी साझा किया जाता है। जिससे की युवा पीढ़ी को बदलते परिवेश में अपनी संस्कृति की सृजन हो सके। इस वर्ष गीदम ब्लॉक के ग्राम कासोली में स्थल का चयन किया गया। जिसमें कोया समाज के जिलाध्यक्ष बल्लू भवानी, सर्व आदिवासी समाज के जिलाध्यक्ष सुरेश कर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष महादेव नेताम, सचिव बुधराम नाग, जग्गू राम अटामी, रामलाल नेताम, बालसिंह कोरसा, सुदराम भास्कर, जिला राम कोर्राम, बोसा राम अटामी, अंती वेक, शकुंतला भास्कर, कुम्मा राम कश्यप, शैलेश अटामी, मोती राम सोरी, दिलीप नेताम, लैस नेताम, कलाराम अटामी, जे आर नुरेठी, सत्यवान भास्कर ग्राम के पेरमा पुजारी पटेल सहित कई वरिष्ठ कनिष्ठ मौजूद रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में गणित मेला मनाया गया



**गीदम।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्रीनिवास रामानुजन जयंती को गणित मेला दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम पूर्व श्रीनिवास रामानुजन के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन, पूजा अर्चना कर कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। गणित विषय के प्रमुख जयपाल तेलम ने पूजा अर्चना की। भैया बहनों ने श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर उनके जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। संस्थान के पाठ्यक्रम के अनुसार निर्धारित योजना अनुसार जो रूपरेखा तय किया गया था के अनुसार कार्यक्रम आयोजित हुआ। भैया बहनों के लिए गिनती, पहाड़ा, उल्टी गिनती, पहेली, वैदिक गणित प्रश्न मंच, छत्तीसगढ़ी में जनउला कार्यक्रम आयोजित हुआ। आचार्यो ने भी इस पर अपने विचार व्यक्त किये। श्रीनिवास रामानुजन का जन्म 22 दिसंबर 1887 को कोयंबटूर तमिलनाडु में हुआ। अल्प आयु में ही गणित के क्षेत्र में अपनी प्रतिभा को पूरे संसार में बिखेरने लगे।

# माता तपेश्वरी की पावन धरा पर भाटपाल ने जीता फाइनल खिताब

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोण्ड, घाटलोहंगा**



बस्तर विकासखंड के ग्राम पंचायत उसरी के माता तपेश्वरी की पावन धरा पर आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट का समापन कार्यक्रम सोमवार को उत्साह के साथ संपन्न हुआ। समारोह में ग्रामवासी एवं खिलाड़ियों का स्वागत गरिमामयी रूप से किया गया।

कार्यक्रम में बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल की उपस्थिति प्रस्तावित थी, लेकिन स्वास्थ्य संबंधि कारणों से वे कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए। विधायक ने अपने प्रतिनिधि मीडिया प्रभारी जितेन्द्र तिवारी, तुलसीराम ठाकुर व राजेश कश्यप को गांव भेजकर शुभकामनाएं प्रेषित की और टूर्नामेंट के सफल आयोजन पर खुशी व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया। आयोजन में ग्रापं उसरी के सरपंच, उपसरपंच, पंच एवं ग्राम प्रमुखगण सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली। युवा प्रकोष्ठ एवं गांव के सदस्यों ने संयुक्त रूप से इस क्रिकेट टूर्नामेंट का सफल आयोजन किया, जिसमें जिले के विभिन्न पंचायतों के खिलाड़ी शामिल होकर अपनी खेल प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबला भाटपाल एवं कुम्हली के मध्य खेला गया। टॉस जीतकर कुम्हली ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 106 रनों का विशाल स्कोर बनाया और मैच पर पकड़ मजबूत करने का प्रयास किया। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करने उतरी भाटपाल की टीम ने मात्र 10 ओवर में 1 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाते हुए रोमांचक जीत दर्ज की तथा फाइनल का खिताब अपने नाम किया। युवा प्रकोष्ठ एवं आयोजन समिति ने टूर्नामेंट के अंत में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनका मनोबल बढ़ाया। मैन ऑफ द मैच एवं मैन ऑफ द सीरीज का पुरस्कार खगेश्वर को दिया गया, वहीं सर्वश्रेष्ठ ऑल राउंडर की उपाधि अस्तु को और बेस्ट बॉलर का खिताब मोहनीश को प्रदान किया गया। ग्राम उसरी में प्रतिवर्ष खेल एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन परंपरागत रूप से होते आया है। कुछ माह पूर्व कबड्डी स्पर्धा का आयोजन भी ग्राम पंचायत स्तर पर हुआ था। जिसमें तुंगापाल की टीम ने विजय प्राप्त की थी गांव में निरंतर होने वाले ऐसे आयोजन क्षेत्र में खेल प्रतिभाओं को पहचान देने तथा युवाओं में उत्साह, अनुशासन और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने का कार्य कर रहे हैं। टूर्नामेंट के आयोजन के लिए क्षेत्र में युवा प्रकोष्ठ एवं गांव के सामाजिक सदस्यों की सराहना की जा रही है। कार्यक्रम के समापन पर ग्रामीणों ने भविष्य में और भी बड़े आयोजन होने की आशा जताई। इस दौरान सरपंच मंदेश मौर्य, उप सरपंच रतिराम कश्यप, जगरूराम, सुखराम, मनीराम, रतिराम, हेमकुमार, संतो, थबीर कश्यप, मोहन कश्यप, प्रजापति, मंदेश, गणेश, बसंत, कार्तिक, उदयनाथ, मंगतू मांझी, पंडरु पुजारी एवं समस्त ग्रामवासी एवं समाज प्रमुखगण उपस्थित रहे।

### अधिकारी ग्रामीणों को जेल भेजने के नाम पर डरा धमका रहे

# जंगल आदिवासियों का हैं, एक भी डंगाल काटना हो तो वन विभाग को लेनी होगी अनुमति : विक्रम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बीजापुर**





पेद्दाकोडेपाल और कावड़गांव क्षेत्र में कथित जंगल कटाई को लेकर नाराज विधायक विक्रम मंडावी कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर पहुंच मुआयना किया। इस दौरान उन्होंने वन मंडल मुख्य प्रबंधक पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि नियमों को ताक पर रखकर अवैध तरीके से जंगलों की कटाई कराई जा रही है।

- **ग्रामीणों में जंगल कटाई को लेकर देखा जा रहा आक्रोश**

दूसरी ओर वन मंडल अधिकारी कूप कटाई की वजह एंटी नक्सल ऑपरेशन के तहत लगाये जा रहे सुरक्षा कैंपों का हवाला दे रहे हैं।

गौरतलब हैं की बीजापुर जिले के पेद्दाकोडेपाल और कावड़गांव के जंगलो में कूप कटाई के नाम पर वन विभाग के अफसर अपनी मनमानी में उतर आये हैं जो वहशियाना रवैया अपनाते हुए स्वस्थ्य ईमारती पेड़ों की अवैध रूप से कटाई कर रहे हैं। वहीं क्षेत्र के नागरिकों में भी पेड़ों की मनमानी तरीके से काटे जाने को लेकर जमकर रोष हैं। विधायक का आरोप है कि बिना ग्राम सभा सहमति और परामर्श के हजारों पेड़ों की कटाई की जा रही है, जो कि पेशा कानून, पांचवीं अनुसूची और ग्राम सभा के अधिकारों का खुला उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि आदिवासी बहुल क्षेत्र बीजापुर में वन अधिकारी मनमानी कर रहे हैं और ग्राम सभाओं की भूमिका को पूरी तरह नजरअंदाज किया जा रहा है। मंडावी ने यह भी आरोप लगाया कि जंगलों के रक्षक और प्रकृति पूजक ग्रामीणों को जेल भेजने की धमकी देकर मशीनों से जंगल कटवाए जा रहे हैं। जो पूरी तरह तानाशाही हैं अधिकारियों द्वारा ग्रामीणों को जेल भेजनें के नाम पर डराया धमकाया जा रहा है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था के खिलाफ है। विधायक ने राज्य सरकार से मांग की है कि डराने-धमकाने की नीति अपनाने वाले डीएफओ रंगानाथन रामाकृष्णा को तत्काल हटाये और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए। साथ ही ग्राम सभा की सहमति के बिना की जा रही किसी भी तरह की जंगल कटाई पर तुरंत रोक लगाने की मांग भी की। स्थानीय ग्रामीणों में जंगल कटाई को लेकर आक्रोश देखा जा रहा है और वे अपने परंपरागत अधिकारों की रक्षा की मांग कर रहे हैं।

**कूप कटाई एक विधि**

कूप कटाई वन प्रबंधन की एक विधि है, जिसमें वन क्षेत्र के स्वस्थ विकास के लिए सूखे, रोगग्रस्त या बाधक पेड़ों को योजनाबद्ध तरीके से हटाया जाता है, ताकि भविष्य में वन घना और स्वस्थ हो सके। यह अक्सर 10 साल की कार्ययोजना का हिस्सा होती है और इसका उद्देश्य वनोत्पाद, जलाऊ लकड़ी या चारे की पूर्ति करना भी होता है। लेकिन इस बार वन अधिकारी खुद हरियाली के दुश्मन बने बैठें हैं जो स्वस्थ पेड़ों को कटने में तुले हैं, जिससे विवाद गहराता जा रहा हैं।

**पेसा कानून का पालन**

13 सितंबर 2025 को ग्राम सभा बुलाकर कूप कटाई एवं काटे जाने वाले चिन्हांकित पेड़ों का प्रस्ताव दिया था। नियमों के अनुसार ही कार्य किये जा रहे हैं पेसा कानून का बिंदु क्रमांक 33 का पूर्ण पालन किया जा रहा हैं।

-रंगानाथन रामाकृष्णा,
डीएफओ बीजापुर

## शांति समिति की बैठक में क्रिसमस शांतिपूर्वक मनाने का लिया निर्णय



**हरिभूमि न्यूज ▸▸ बस्तर**

बस्तर संभाग के कांकेर जिले में हाल ही में शव दफनाने को लेकर हुए विवाद और हिंसा के बाद बस्तर जिले में भी आगामी क्रिसमस पर्व को लेकर शांति और सौहाद्र के साथ मनाने के लिए बस्तर थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित किया गया।

- **सरपंच, कोटवार को ऑनलाइन फ्रॉड से बचने किया जागरूक**

बैठक में थाना प्रभारी सुरेश जांगड़े के द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों में निवासरत पास्टर एवं कोटवार सहित सरपंच की बैठक ली। जिसमें क्रिसमस त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की बात की गई। बैठक में थाना प्रभारी ने आपसी भाईचारा बनाए रखने और विधि व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का पूर्ण सहयोग करेंगे। ऑनलाइन फ्रॉड से सचेत करते हुए बताया कि लोग अनजान काल से सबसे अधिक ठगे जाते हैं। अज्ञात व्यक्ति के कॉल पर निजी जानकारी विशेष कर बैंक के डिटेल एटीएम पिन ओटीपी की जानकारी बिल्कुल ना दे। अनजान कॉल से आए लुभावने स्कीम या डराने धमकाने बातों पर विश्वास ना करें। जागरूक रहकर फ्रॉड से बचा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि डिजिटल युग में साइबर क्राइम सबसे आम एवं सबसे खतरनाक स्वरूप ले रहा है। उन्होंने लोगों से निजी एवं जरूरी जानकारी साजा नहीं करने की सलाह दी।

साइबर अपराधी आम नागरिकों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। नए-नए तरीकों से साइबर अपराधी अपराध कर रहे हैं।

## नन्हे बच्चों को पिलाई गई पोलियो की खुराक

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोकापाल**



रविवार को राष्ट्रीय सघन पल्स पोलियो अभियान का शुभारंभ किया गया। पहले दिन जिले भर में पल्स पोलियो बूथों पर बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई गई। ब्लॉक मुख्यालय से लेकर गावों में ग्रामीण एवं पारा मोहलों तक लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लेकर अभियान को सफल बनाया। अभियान का बेडागुडा पंचायत स्तरीय शुभारंभ जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।

इस अवसर पर 0 से 5 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाकर अभियान की शुरुआत की गई। विकासखंड स्तर पर भी जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित हुए। पल्स पोलियो बूथों पर अभिभावकों ने अपने बच्चों को लाकर टीकाकरण कराया। स्वास्थ्य विभाग की टीमों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, मितानिनों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाई। आशा बाई ने बताया कि अभियान के प्रथम दिवस बूथ आधारित टीकाकरण किया गया। जबकि आगामी दो दिनों में घर-घर भ्रमण कर छूटे हुए बच्चों को पोलियो की खुराक पिलाई जाएगी। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। ब्लॉक टीकाकरण अधिकारी ने जानकारी दी कि दूरस्थ क्षेत्रों, बस स्टैंड, साप्ताहिक बाजार एवं भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष मोबाइल टीमों की तैनाती की गई है। अभियान को लेकर आमजन में जागरूकता देखने को मिली और लोगों ने स्वास्थ्य कर्मियों का सहयोग किया।

# धान खरीदी में किसानों हो रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने किया चक्काजाम

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ कोंटा**





ब्लॉक मुख्यालय कोंटा में कांग्रेस पार्टी ने धान खरीदी में किसानों को हो रही दिक्कतों को लेकर कांग्रेस ने एनएच जाम कर प्रदर्शन किया। जिला कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने अंतर्राज्यीय बस स्टैंड के सामने राज मार्ग तीस एनएच को तकरीबन आधे घंटे तक बाधित रखा और नारे लगाते रहे। कांग्रेस ने कोंटा धान खरीदी केंद्र के 562 किसानों परिवारों के टोकन नही कटने का आरोप लगाते हुए इसे किसानों साथ अन्याय कहा।

- **अनेक ग्रामों के ग्रामीण पहुंचे कोंटा और लगाए नारे**

कोंटा धान खरीदी केंद्र के अंतर्गत आने वाले 1410 किसानों से तकरीबन 27 सौ हेक्टेयर के फसल से धान खरीदी की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। किन्तु गिरदावरी भौतिक सत्यापन नही कराए जाने से किसानों को यहां बारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। सुकमा जिला के कोंटा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले गोलापल्ली मराईगुड़ा धान खरीदी केंद्र के 302 किसानों तथा किस्टाराम केंद्र के 271, एर्राबोर केंद्र के 56 किसान परिवारों की भौतिक सत्यापन नही होने के कारण धान बेचने से वंचित हो रहे है। जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा सहित आला जन प्रतिनिधियों कांग्रेस पदाधिकारियों ने धान खरीदी केन्द्र एर्राबोर में लिमिट प्रति दिन 427 क्वि. हैं जिसे बढाया जाने वन पटटा धारीओं का धान खरीदी करने प्रति एकड 12 क्टि. लिया जा रहा हैं उसे बढाकर 21 क्टि. किए जाने एग्रिस्टेक और गिरदावारी होने बावजूद कई किसानें का रकबा कम कर दिए जाने या शून्य कर दिए जाने का आरोप लगाते हुए निराकरण करने की मांग की है।

इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था संभाले हुए कोंटा सपन चौधरी कोंटा थाना प्रभारी सलीम काका सहित जनपद सीईओ सुमीत ध्रुव मौजूद थे।

**अनेक गांवों के ग्रामीण पहुंचे शिकायत लेकर धान खरीदी केंद्र**

कांग्रेस के चक्काजाम कार्यक्रम के कुछ देर बाद कोंटा विकासखंड के दुरमा पंचायत के पीलावाया मेहता, टब्बापाड़ पुसुगुड़ा, दोरामंगू गंगराजपाड़, बण्डा पंचायत के कन्याईगुडा नुलकातोंग सहित अनेक गांवों तकरीबन तीन सौ के आस-पास ग्रामीण कोंटा धान खरीदी केंद्र पहुंच हल्ला मचाया और सरकार के खिलाफ नारे लगाए। ग्रामीण ने धान खरीदी केन्द्र में धान की कटौती करने का आरोप लगाते हुए पड़ोसी राज्य से पहुँचे किसानों के धान खराब होने के बाद कटौती नही करने की बात ऑन कैमरा में कही। इस दौरान किसानों की मांगों को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष सोयम मंगम्मा कोंटा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुधीर पांडेय नगर पंचायत अध्यक्ष मौसम जया पार्षद देवी सुरेश सुरज सत्ती सेमल कुमारी सरपंच मड़काम दयावति अंजु गुप्ता वरिष्ठ कांग्रेस नेता शेख मुनीर सरपंच मड़काम कृष्णा एनयूसीआई के युवा नेता नमीर सहित दर्जनों कार्यकार्ता मौजूद थे।

## राष्ट्रीय एकता की भावना मजबूत कर रहा नवोदय विद्यालय

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ गीदम**



पीएमश्री जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर के वार्षिक पैनल निरीक्षण में पहुंची टीम ने विद्यालय की शैक्षणिक, अकादमिक व्यवस्थाओं का जायजा लिया। सुबह की असेंबली से लेकर दिनभर चलने वाली गतिविधियों, पढ़ाई, खेलकूद, आवासीय व्यवस्था, भोजन से लेकर तमाम गतिविधियों का 3 दिनों तक निरीक्षण किया। विद्यालय की व्यवस्था और उपलब्धियों को टीम ने सराहा व जरूरी सुझाव भी दिए। आयोजित सांस्कृतिक संध्या में नवोदय विद्यालय संगठन के सहायक आयुक्त मीणा ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यालय के प्राचार्य, स्टाफ और छात्र-छात्राओं के बेहतरीन प्रयास से जेएनवी दंतेवाड़ा असंभव कार्य को भी संभव कर दिखाता है। यह विद्यालय विपरीत हालात के बीच उत्कृष्ठ प्रदर्शन कर रहा है बस्तर अद्भुत है। नई पीढ़ी पुरानी पीढ़ी की परम्परा को सहेजकर आगे बढ़ रही है। स्टाफ व प्रिंसिपल की मेहनत और बच्चों का उत्साह अद्वितीय है। बच्चे विभिन्न विधाओं में राष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन कर रहे। अनुशासन भी बेहतर है। हमने देखा एक साथ 35 बच्चे 35 इंस्ट्रूमेंट बजा रहे हैं। विभिन्न प्रांतों की सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए सांस्कृतिक विविधता में राष्ट्रीय एकता का संदेश दिया गया, जो नवोदय का उद्देश्य ही है। पैनल इंस्पेक्शन टीम के सदस्य के तौर पर टीके चट्टोपाध्याय, प्राचार्य जेएनवी सुंदरगढ़ ओड़िशा, इतिबाई प्राचार्य जेएनवी जगदलपुर, विवेक शुक्ला प्राचार्य जेएनवी काकेर, बीके शर्मा प्राचार्य ईएमआरसी कटेकल्याण ने भी बच्चों को प्रेरित किया। संस्था के प्राचार्य धर्मेंद्र कुमार यादव ने स्वागत उद्बोधन दिया व अंत में आभार प्रदर्शन किया। इस मौके पर विद्यालय के बच्चों ने छत्तीसगढ़ी, राजस्थान, गुजरात, कर्नाटक, मध्यप्रदेश समेत विभिन्न प्रांतों के लोक नृत्य से मन मोह लिया। अंत में अतिथियों ने पढ़ाई और खेल गतिविधियों में राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

# भाजपा के भविष्य हैं भाजयुमो कार्यकर्ता : गुप्ता

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा/गीदम**



भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा गीदम मंडल द्वारा युवाओं से संवाद करने हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गयी। बैठक में आगामी कार्यक्रमों एवं संगठनात्मक विषयों पर पदाधिकारियों ने युवाओं से चर्चा की।

- **युवाओं से संगठनात्मक विषयों पर की चर्चा**

कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा की युवा मोर्चा के कार्यकर्ता ही भाजपा का भविष्य है। युवा मोर्चा के साथियों को एकजुटता और संगठन के प्रति समर्पण भावना से कार्य करना चाहिए। हमारा लक्ष्य सिर्फ संगठन को मजबूत करने का होना चाहिए। भाजपा युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष राहुल असरानी ने युवाओं से चर्चा करते हुए कहा की भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो युवाओं को अवसर देती है।

भाजपा में परिवारवाद का कोई महत्त्व नहीं हम सब एकजुट होकर कार्य करें तो हर लक्ष्य को हासिल कर सकते है। भाजपा सिर्फ राजनीतिक, लक्ष्यों के लिए कार्य नहीं करती देश के लिए एवं राष्ट्रहित के लिए कार्य करती है। असरानी ने कहा की युवा मोर्चा पार्टी की रीढ़ है और युवाओं की सक्रिय भागीदारी से ही संगठन को नई ऊर्जा एवं दिशा मिलती है। राहुल असरानी ने कार्यकर्ताओं से अनुशासन, समर्पण और निरंतर जनसंपर्क के माध्यम से संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। साथ ही आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने तथा बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने पर विस्तार से चर्चा किया। उनके मार्गदर्शन से उपस्थित कार्यकर्ताओं में नया उत्साह एवं आत्मविश्वास देखने को मिला।

कार्यक्रम का संचालन राजेंद्र ठाकुर ने किया। इस दौरान गीदम मंडल महामंत्री अजय अवस्थी, युवा मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य वीरेश मिश्रा, पूर्व युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भूपेंद्र निर्मलकर, हरमिंदर सिंह, पार्षद सूरज ठाकुर, पूर्व पार्षद राधे साहू, आयुष सिंह चौहान, अनीश जार्ज, आदर्श ओसवाल, राजेंद्र स्वाई, रोशन शर्मा, यशवंत शर्मा, ओम कालेस्वर नायक, शैलेन्द्र सिंह, मुकेश देवांगन, आशीष गुप्ता, सुधीर नाग, विष्णु शिवहरे, संजय देवांगन, रंजीत, डिवीन थामस, रवि गुप्ता, राहुल सोनवानी, निलांदु अधिकारी, विजय खाखा, मोनू दास मानिकपुरी, हितेश कौशल, कमल कुमार यादव, राजेश साहू, शिवम् गुप्ता, राज सोनानी, ऋषि गुप्ता, महेश शिवहरे, सचिन गुप्ता, रूद्र कोरेटिया, सानू सिंह ठाकुर, बादल बड़ोले, निहाल ठाकरे, विशु यादव, मोहन पाल, किशन शर्मा, अरुण गुप्ता, पंकज यादव व युवा साथी व युवा मोर्चा के अन्यकार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## लूज बोल्डर चेक डेम से सुदृढ़ हुआ जल संरक्षण और ग्रामीण विकास

**हरिभूमि न्यूज ▸▸ दंतेवाड़ा**



दंतेवाड़ा जिले में जल संरक्षण और ग्रामीण विकास को सुदृढ़ करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा निरंतर प्रभावी पहल की जा रही है।

इसी क्रम में जिले की जल निकासी लाइनों के उपचार हेतु लूज बोल्डर चेक डेम संरचनाएँ एक कारगर माध्यम के रूप में स्थापित हुई हैं, जो वर्षा जल के संरक्षण के साथ-साथ मृदा कटाव को रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

ज्ञात हो कि लूज बोल्डर चेक डेम ढीले-ढाले किंतु सुव्यवस्थित बोल्डरों से निर्मित होते हैं, जिनका मुख्य उद्देश्य वर्षा ऋतु के दौरान तेज जल बहाव की गति को नियंत्रित करना है। यह संरचनाएँ गति अवरोधक के रूप में कार्य करते हुए पानी के वेग को कम करती हैं, जिससे उपजाऊ मिट्टी के कटाव में कमी आती है और जल का अधिकतम संचयन संभव हो पाता है।

परिणामस्वरूप भूजल पुनर्भरण की प्रक्रिया को मजबूती मिलती है तथा निचले क्षेत्रों में स्थित जल स्रोतों में पानी की उपलब्धता बढ़ती है। इस क्रम में जल संरक्षण की आवश्यकता और ग्रामीणों की मांग को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन की पहल से जनपद गीदम अंतर्गत ग्राम पंचायत हाऊरनार में लूज बोल्डर चेक डेम निर्माण कार्य को स्वीकृति प्रदान की गई। यह निर्माण कार्य ग्रामीणों की सक्रिय सहभागिता से संपन्न हुआ, जिससे यह एक सामुदायिक प्रयास के रूप में सफल रहा और स्थानीय स्तर पर सहभागिता की भावना को भी बल मिला।

## खबर संक्षेप

### डॉ रमन ने किया समग्र बस्तर पुस्तक का विमोचन



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने जगदलपुर के वरिष्ठ साहित्यकार रुद्र नारायण पाणिग्रही के लिखित पुस्तक समग्र बस्तर का विमोचन किया। यह पुस्तक पांच भागों में प्रकाशित है। डॉ रमन सिंह ने कहा कि समग्र बस्तर पुस्तक वास्तव में बस्तर की समग्रता लिए हुए है। यह पुस्तक बस्तर को जानने समझने वालों के लिए तथा शोधार्थियों के लिए महत्वपूर्ण होगी । पाणिग्राही ने जानकारी दी की इस पुस्तक में बस्तर का इतिहास, कला, पुरातत्व, राजवंश, पर्यटन, पर्व, संस्कृति, बोली-भाषा व्याकरण, शब्दकोश को समाहित किया गया है। विमोचन के अवसर पर लेखक सहित परितोष पाणिग्राही, आकाश माहेश्वरी, डॉ गीतेश अमरोहित, अवधेश मिश्रा तथा आशीष सिंघानिया उपस्थित थे।

### राजनीतिक दलों की बैठक आज

**जगदलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के परिपालन में बस्तर जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की प्रक्रिया के तहत 23 दिसंबर को फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का विधिवत प्रारंभिक प्रकाशन किया जाएगा। इसी संदर्भ में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी हरिस एस की अध्यक्षता में मंगलवार को सुबह 11 बजे कलेक्टोरेट के आस्था सभाकक्ष में मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों की बैठक आहूत की गई है। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करना और राजनीतिक दलों के साथ संवाद स्थापित करना है। बैठक के दौरान आयोग के निर्देशों के अनुरूप उपस्थित प्रतिनिधियों को फोटोयुक्त मतदाता सूची की एक हार्ड कॉपी तथा बिना फोटो वाली सॉफ्ट कॉपी पीडीएफ फॉर्मेट में आधिकारिक रूप से प्रदाय की जाएगी। इस अवसर पर मतदाता सूची के पुनरीक्षण और शुचिता के संबंध में विस्तृत चर्चा भी की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी ने इस संबंध में सभी संबंधित व्यक्तियों एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से आग्रह किया है कि वे स्वयं अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधि निर्धारित समय पर बैठक में अनिवार्य रूप से अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें, ताकि निर्वाचन नामावली के प्रकाशन और वितरण की प्रक्रिया को सुचारू रूप से संपन्न कराया जा सके।

# सेमेस्टर परीक्षा से पहले रणनीति, मानसिक संतुलन और समय प्रबंधन पर जोर

## काकतीय पीजी कॉलेज में छात्राओं के लिए परीक्षा मार्गदर्शन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

काकतीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा सेमेस्टर परीक्षाओं से पूर्व महिला विद्यार्थियों के लिए एक दिवसीय परीक्षा मार्गदर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को प्रभावी अध्ययन रणनीति, उत्तर लेखन कौशल, समय प्रबंधन तथा मानसिक संतुलन के प्रति जागरूक करना रहा। वक्ताओं ने परीक्षा की तैयारी में योजनाबद्ध अध्ययन,नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास को सफलता की कुंजी बताया।

कार्यक्रम में ऑनलाइन शैक्षणिक प्लेटफॉर्म,परीक्षा पैटर्न,अंक विभाजन,प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी,एईसी परीक्षा प्रणाली, उत्तरों की प्रस्तुति, ब्रेन-स्टॉर्मिंग,ध्यान एवं तनाव नियंत्रण जैसे विषयों पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया गया। विद्यार्थियों को अधिकतम प्रश्न हल करने,टू द पॉइंट उत्तर लिखने और समय का संतुलित उपयोग करने की सलाह दी गई। प्रश्नोत्तर सत्र में खेल प्रतियोगिताओं और परीक्षाओं की तिथियों के टकराव जैसे व्यावहारिक मुद्दों पर भी चर्चा हुई। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य (प्राचार्य) डॉ अनिल कुमार श्रीवास्तव, महिला प्रकोष्ठ संयोजक व राजनीति विज्ञान विभागाध्यक्ष (विभागाध्यक्ष) डॉ रानू मेश्राम, वानिकी विभागाध्यक्ष (विभागाध्यक्ष) विमल कुमार रात्रे,हिंदी विभागाध्यक्ष (विभागाध्यक्ष) दिवकांति निषाद,वाणिज्य विभाग (सहायक प्राध्यापक) संध्या प्रसाद, विधि विभाग (सहायक प्राध्यापक) चंद्रप्रभा कोसरे,अंग्रेज़ी विभाग (अतिथि व्याख्याता) सुरभि दत्ता तथा वनस्पति विज्ञान विभाग (संचालक) चित्रलेखा कोडोपी उपस्थित थे।

- ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से उत्तर लेखन तक मिली व्यावहारिक समझ
- करियर विकल्पों, परीक्षा पैटर्न और तनाव प्रबंधन पर विशेषज्ञों के सुझाव



### परीक्षा तैयारी के प्रमुख सूत्र

कार्यक्रम में छात्राओं को परीक्षा से पूर्व स्पष्ट रणनीति बनाने, ऑनलाइन संसाधनों का विवेकपूर्ण उपयोग करने, उत्तरों को संक्षिप्त व प्रयोगात्मक रखने, समय प्रबंधन को प्राथमिकता देने तथा मानसिक तनाव से बचाव के लिए नियमित ध्यान और सकारात्मक सोच अपनाने पर विशेष बल दिया गया। एनईपी 2020 के अंतर्गत सीआईए-ईएसई संरचना को समझाते हुए बहुविकल्पीय प्रश्नों और प्रायोगिक परीक्षाओं की तैयारी को भी सफलता का अहम आधार बताया गया।

## 3 गेंद में 3 छक्के लगाकर नैनमूर ने जीत ली बाजी

# करपावंड को हराकर बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करपावंड





मारुति इलेवन क्रिकेट क्लब करपावंड के तत्वावधान में रविवार को फाइनल मैच मारुति इलेवन करपावंड और काल भैरव नैनमूर के बीच खेला गया।

- करपावंड में स्टेडियम के लिए करेंगे हर संभव प्रयास : मिश्रा

करपावंड टीम ने टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी का निर्णय लिया। 12 ओवरों में गोलू देवांगन के शानदार 99 नाबाद रनों की बदौलत 141 रनों का विशाल लक्ष्य नैनमूर के सामने रखा। इस मैच का निर्णय अंतिम 11 ओवरों तक गया और नैनमुर ने यह फाइनल मुकाबला अंतिम विकेट पर अपने नाम कर लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच रहे जुगधर जिन्होंने 20 गेंदों में 46 रन और 2 ओवर में 27 रन देकर 1 विकेट लिए। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए एवं चमचमाती ट्रॉफी वहीं द्वितीय पुरस्कार पचास हजार रूपए एवं चमचमाती हुई ट्रॉफी दोनों टीम को दी गई।

मुख्य अतिथि जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, विशेष अतिथि सुरेश रावल ब्यूरो चीफ हरिभूमि, जनपद अध्यक्ष बकावंड सोनबारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडेय लैंप्स प्रबंधक करपावंड महेश देवांगन, सिद्धि विनायक धर्मात्र ट्रस्ट अध्यक्ष नागेंद्र नाथ बरियार, सरपंच लखमू राम नेताम, उपसरपंच बंसीधर,राजू देवांगन, पूर्व सरपंच सामो राम कश्यप, जयमन देवांगन, पदम देवांगन, शंकर चौधरी, राजेश गुप्ता, गणेश मरकाम तथा मीडिया प्रभारी ओमप्रकाश गुप्ता रहे। मुख्य अतिथि श्रीनिवास मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि खेल भावना किसी भी मुकाबले में जरूरी है।

हार जीत के लिए दोनों टीम पसीना बहाती है लेकिन एक को जीत मिलती है। वहीं हारे हुए टीम को निराश न होकर अगले मैच के लिए जितने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा दोनों टीम के खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। 9 विकेट गिरने के बाद नैनमुर के सामने हार का संकट आ गया था। वहीं करपावंड की टीम जीत की ओर बढ़ रही थी। 18 रन नैनमुर को बनाना था और उनके खिलाड़ी ने लगातार 3 गेंद में 3 छक्के मारकर टीम को जीता दिया। दोनों टीम के कप्तानों ने मुख्य अतिथि को ज्ञापन देकर स्टेडियम की मांग की। जिसपर उन्होंने हर संभव प्रयास कर स्टेडियम बनवाने का वादा किया।

विशेष अतिथि सुरेश रावल ने करपावंड में खेल के माहौल काफी अच्छा होने की बात कहते आयोजन समिति को मैच कराने के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाओं की कमी नहीं है। बस्तर के गांव के युवाओं में काफी स्टेमिना और शारीरिक दमखम अच्छा है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों की फाइनल मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए सराहना की। नैनमुर टीम के खिलाड़ियों का हौसला बढ़ाने के लिए तोकापाल की जनपद अध्यक्ष रामबती भंडारी पहुंची थी। देर शाम तक पुरस्कार वितरण के दौरान ठंड के बावजूद काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। महिने भर से चल रही इस प्रतियोगिता में 64 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच में बालिकाओं समेत नन्हें बच्चे भी मैदान डटे रहकर चौके छक्के और आउट होने पर नाचते दिखे। इन बच्चों के बीच 2 छात्र मिक्की माउस की पोशाक पहनकर दर्शकों का मनोरंजन करते रहे। प्रत्येक मैच का मैंन ऑफ द मैच बस्तर स्पोर्ट्स करपावंड के संजू देवांगन के द्वारा दिया गया। आज के अंपायर हिमांशु और खगेश्वर रहे।

### मैच के पहले 2 मिनट का मौन

दोनों टीम के खिलाड़ियों और उपस्थित सभी लोगों ने मैच शुरू होने के पहले वन मंत्री केदार कश्यप तथा पूर्व सांसद दिनेश कश्यप की माताजी स्व.मनकी कश्यप के निधन पर शोक जताते मृत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण किया।

# स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव : गोयल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पोलियो दिवस पर धर्माऊर आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को पोलियो की दो बूंद दवा पिलाई गई। इस अवसर पर विधायक विनायक गोयल ने स्वयं पोलियो की दवा पिलाकर अभियान का शुभारंभ किया।

विधायक विनायक गोयल ने

- धर्माऊर आंगनबाड़ी में विधायक ने पिलाई पोलियो की दवा

कहा कि पोलियो जैसी गंभीर बीमारी से बच्चों को सुरक्षित रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। सरकार द्वारा चलाए जा रहे पोलियो उन्मूलन अभियान ने देश को पोलियो मुक्त बनाने में सफलता प्राप्त की है। किंतु इस उपलब्धि को बनाए रखने के लिए प्रत्येक अभिभावक को जागरूक रहना आवश्यक है। उन्होंने सभी माता-पिता से अपील की कि वे अपने बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य पिलवाएं।

उन्होंने आंगनवाड़ी कार्यकतार्ओं, मितानिन बहनों और स्वास्थ्य विभाग की सराहना करते हुए कहा कि इनके अथक प्रयासों से ही यह अभियान जमीनी स्तर तक सफलतापूर्वक संचालित हो रहा है। विधायक ने कहा कि स्वस्थ बच्चा ही स्वस्थ समाज और सशक्त राष्ट्र की नींव होता है।

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मिथलेश राही, गीतांजली बराई, गीता देवी, उर्मिला गोयल, भागवती निषाद, कुन्दन यादव, सुमित्रा यादव, बुदरी गोयल सहित बड़ी संख्या में मितानिन बहनें एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# पेसा कानून की जानकारी किसानों के लिए आवश्यक : कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने जिला बस्तर के तोकापाल विकासखंड के ग्राम कुरेंगा में रविवार को पेसा कानून के प्रति जागरूकता के लिए एक कार्यक्रम का आयोजन किया। जिसका नेतृत्व यूनियन के जिला सचिव जगदूराम कश्यप ने किया।

इस अवसर पर ग्रामीणों, किसानों, मजदूरों एवं युवाओं ने सहभागिता दी। उन्होंने अपने अधिकारों को जानने में रुचि दिखाई। बताया गया कि किस प्रकार पेसा कानून के माध्यम से जल, जंगल और जमीन की रक्षा की जा सकती है तथा यह कानून ग्रामीणों और आदिवासी समुदाय के शोषण के विरुद्ध एक मजबूत संवैधानिक हथियार है।

- ग्राम कुरेंगा में ग्रामीणों को दी गई अधिकारों की जानकारी



कश्यप ने उपस्थित जनसमूह को पेसा कानून की जानकारी देते हुए बताया कि अपने अधिकारों को सही रूप में समझने और उन्हें लागू कराने लालबाग मैदान में आयोजित होने वाले पेसा जागरूकता कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में सहभागिता आवश्यक है। कार्यक्रम में ग्राम कुरेंगा के समाज अध्यक्ष जयमत सिंह, सचिव राजुराम पोयाम, कमलचन, बोंडकु, मिटु, जयमन, पूर्व सरपंच सुकमन कश्यप, रमेश सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

आम आदमी पार्टी का सरकार पर आरोप

# स्मार्ट मीटर से बढ़ी गरीबों की मुश्किलें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

छत्तीसगढ़ में विकसित भारत के नाम पर लगाए जा रहे स्मार्ट मीटर आम जनता, विशेषकर गरीब और मेहनतकश परिवारों के लिए गंभीर संकट बनते जा रहे हैं। स्मार्ट मीटर लागू होने के बाद बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी और बकाया होते ही बिना पूर्व सूचना बिजली आपूर्ति काटे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। पहले बिजली बिल भुगतान के लिए कुछ समय की राहत मिल जाया करती थी, लेकिन अब एक-दो माह का बकाया होते ही सीधे कनेक्शन काट दिए जा रहे हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश सह सगंठन मंत्री एवं बस्तर संभाग प्रभारी समीर खान ने सरकार को घेरते कहा।



समीर ने बताया बस्तर सहित प्रदेश के अनेक इलाकों में स्थिति यह है कि बिजली कटने के बाद उपभोक्ता स्थानीय दफ्तरों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं। वहां से यह कहकर पल्ला झाड़ लिया जाता है कि कटौती रायपुर मुख्यालय से की गई है। न तो दफ्तरों में अधिकारी उपलब्ध हैं,न फोन पर कोई जवाब मिल रहा है।

उन्होंने कहा आम आदमी पार्टी ने सवाल उठाया है कि क्या यही विकसित भारत 2047 का सपना है,जिसमें रोज कमाकर रोज खाने वाले लोगों को अंधेरे में रहने को मजबूर किया जा रहा है। पार्टी ने मांग की है कि स्मार्ट मीटर के नाम पर की जा रही जबरदस्ती तुरंत रोकी जाए,बिजली बिल भुगतान के लिए गरीबों को उचित समय दिया जाए और बिना सूचना बिजली काटने की व्यवस्था समाप्त की जाए। पार्टी ने स्पष्ट किया है कि इस मुद्दे पर सड़कों से लेकर सदन तक संघर्ष जारी रहेगा।

# कृषि छात्रों ने एग्रो-इंडस्ट्रियल टूर के जरिए सीखीं उद्यमिता और प्रसंस्करण की अनेक बारीकियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



शहीद गुंडाधुर कृषि महाविद्यालय एवं अनुसंधान केंद्र जगदलपुर के विद्यार्थियों के लिए किताबी ज्ञान को व्यावहारिक धरातल पर उतारने के उद्देश्य से एक विशेष एग्रो-इंडस्ट्रियल अटैचमेंट कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण कृषि कार्य अनुभव रावे कार्यक्रम के तहत आयोजित इस शैक्षणिक दौरे में छात्रों ने कक्षा से बाहर निकलकर खेतों, प्रसंस्करण इकाइयों और विभिन्न कृषि संस्थानों की कार्यप्रणाली को समझा। महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. आरएस नेताम के निर्देशों पर डॉ. नीता मिश्रा, इंजीनियर गंगाधर और डॉ. रेशमा के मार्गदर्शन में छात्रों के दल ने बस्तर जिले के प्रमुख कृषि एवं औद्योगिक केंद्रों का गहन अध्ययन किया।

इस शैक्षणिक भ्रमण के दौरान छात्रों ने कृषि और उससे जुड़े उद्योगों की विस्तृत श्रृंखला का अवलोकन किया। यात्रा के दौरान छात्रों ने बस्तर डेयरी फार्म, वेटरनरी पॉलिटेक्निक कॉलेज और पॉल्ट्री फार्म का दौरा कर पशुपालन और दुग्ध उत्पादन की आधुनिक तकनीकों को देखा। इसके साथ ही, उन्होंने जिला रेशम विभाग की टसर सिल्क इकाई में रेशम उत्पादन, भारत एंटरप्राइज एनिमल फीड प्रोसेसिंग प्लांट में पशु आहार निर्माण और इंद्रावती कोल्ड स्टोरेज में भंडारण की व्यवस्था को बारीकी से समझा। डोंगाघाट शासकीय रोपनी, बंशी राइस मिल, परचनपाल स्थित शासकीय सुकर फार्म, बलेंगा फिश फार्म और कोकमुंडा स्थित बीज निगम जैसे महत्वपूर्ण स्थानों पर जाकर छात्रों ने उत्पादन से लेकर विपणन तक की पूरी प्रक्रिया का प्रत्यक्ष अनुभव प्राप्त किया।

इस दौरे का मुख्य उद्देश्य छात्रों में उद्यमिता कौशल विकसित करना और उन्हें भविष्य में आजीविका के लिए उपलब्ध विविध आयामों से परिचित कराना था। भ्रमण के दौरान छात्रों ने विभिन्न विषय विशेषज्ञों से सीधा संवाद किया और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान पाया। छात्रों ने स्वीकार किया कि इस व्यावहारिक अनुभव से उन्हें अपने करियर की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

# बिलासपुर युवा महोत्सव में होगी बस्तर की लोक संस्कृति की धमक




**जगदलपुर।** बिलासपुर के बहतराई स्टेडियम में 23 से 25 दिसंबर तक आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय युवा महोत्सव में अपनी कला का प्रदर्शन करने के लिए बस्तर जिले

- 52 सदस्यीय दल को सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

का दल आज पूरे उत्साह के साथ रवाना हो गया। बस्तर की समृद्ध लोक संस्कृति और खेल प्रतिभा का प्रतिनिधित्व करने वाले इस दल में कुल 52 प्रतिभागी शामिल हैं, जिनमें 32 महिला और 20 पुरुष कलाकार अपनी दावेदारी पेश करेंगे। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम से युवाओं से भरी बस को हरी झंडी दिखाकर बिलासपुर के लिए रवाना किया और सभी प्रतिभागियों को जीत के लिए अग्रिम शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर, जिला पंचायत के खेल एवं युवा कल्याण समिति के अध्यक्ष बनवासी मौर्य, डिप्टी कलेक्टर सुश्री नंदिनी साहू भी विशेष रूप से उपस्थित रहीं और उन्होंने भी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

# नियद नेल्लानार गांव में डिजिटल क्रांति की ओर अग्रसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुदूर नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में मूलभूत सुविधाओं के साथ-साथ डिजिटल सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राज्य सरकार की नियद नेल्लानार योजना के अंतर्गत शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय ने

- शमक विवि ने बीजापुर के सुदूर क्षेत्रों में शुरू किया मोबाइल बैंकिंग प्रशिक्षण

महत्वपूर्ण पहल की है। इसी क्रम में विश्वविद्यालय की कम्प्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला द्वारा बीजापुर जिले के गंगालूर तहसील अंतर्गत पदेड़ा, चेरपाल और पालनार गांवों में डिजिटल एवं मोबाइल बैंकिंग को बढ़ावा देने के लिए ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर कार्यक्रम आयोजित किया गया।




कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षकों, स्व सहायता समूह की सदस्यों, स्थानीय दुकानदारों और ग्रामीण बैंक पेशेवरों को डिजिटल भुगतान प्रणाली का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को सुरक्षित डिजिटल लेन-देन,मोबाइल बैंकिंग एप्स के उपयोग, यूपीआई से राशि ट्रांसफर,साइबर फ्रॉड से बचाव,पिन व ओटीपी की गोपनीयता जैसे विषयों की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण में क्यूआर कोड के माध्यम से भुगतान करने के साथ-साथ स्वयं क्यूआर कोड जनरेट करने की प्रक्रिया भी सिखाई गई,जिससे ग्रामीण स्तर पर कैशलेस लेन-देन को बढ़ावा मिल सके।

कार्यक्रम में यह भी बताया गया कि डिजिटल बैंकिंग से न केवल समय और संसाधनों की बचत होगी,बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक पारदर्शिता और आत्मनिर्भरता को भी बल मिलेगा। आगामी चरण में नियद नेल्लानार ग्रामों की महिलाओं के लिए विशेष और व्यापक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर अधिक से अधिक महिलाओं को डिजिटल भुगतान प्रणाली से जोड़ने की योजना है। समाचार के अंतिम पैरा में कार्यक्रम से जुड़े प्रमुख पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं परियोजना विवरण का उल्लेख किया गया। शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय के कुलपति (कुलपति) प्रो एमके श्रीवास्तव,कम्प्यूटर अनुप्रयोग अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष व परियोजना प्रधान अन्वेषक (विभागाध्यक्ष) डॉ. तेज बहादुर चन्द्रा, सह-प्रधान अन्वेषक (सहायक प्राध्यापक) राजेश्वरी नेताम,सामाजिक कार्य विभाग (सहायक प्राध्यापक) डॉ डिगेश्वर साहू, पदेड़ा ग्राम सरपंच मंजू कुंजाम, पालनार ग्राम सरपंच मालती ताप्ती,चेरपाल ग्राम की सरपंच सावित्री सहित एनआरएलएम अधिकारी एवं विश्वविद्यालय के यूजी-पीजी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# भीषण आग से घर का सामान खाक

**जगदलपुर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत डोंगाघाट में बीते दिनों एक रिहायशी मकान में अचानक आग लगने से लाखों रुपये के घरेलू सामान जलकर राख हो गए। घटना के वक्त परिवार के सदस्य दैनिक कार्यों के लिए घर से बाहर गए हुए थे। कुछ ही घंटों में आग ने विकराल रूप ले लिया और देखते ही देखते पूरे मकान को अपनी चपेट में ले लिया। पड़ोसियों ने धुआं उठता देख तत्काल सूचना दी,जिसके बाद परिवार और प्रशासन हरकत में आया। मौके पर पहुंची पुलिस, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आग पर काबू पाया। समय रहते आग बुझा लिए जाने से आसपास के मकानों तक लपटें नहीं पहुंच सकीं, जिससे बड़ी दुर्घटना टल गई। प्रारंभिक तौर पर आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है, हालांकि वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है। घटना में फर्नीचर,म्यूजिक सिस्टम,इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों सहित दैनिक उपयोग की कीमती वस्तुएं पूरी तरह नष्ट हो गईं। प्रभावित परिवार को आर्थिक क्षति का भारी सामना करना पड़ा है। प्रशासन द्वारा नुकसान का आकलन कर आवश्यक सहायता की प्रक्रिया शुरू किए जाने की बात कही गई है। घटना डोंगाघाट निवासी के मकान में हुई,जिसमें परिवार को भारी नुकसान हुआ।

***समन्वित प्रयासों से आग को फैलने से रोका गया :*** आग लगने की सूचना मिलते ही पड़ोसियों ने सतर्कता दिखाते हुए प्रशासन को अवगत कराया,जिसके बाद पुलिस, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड समय पर मौके पर पहुंची, समन्वित प्रयासों से आग को फैलने से रोका गया,आसपास के घर सुरक्षित रहे और जनहानि टल गई,वहीं घटना ने शहरी क्षेत्रों में अग्नि सुरक्षा उपायों की आवश्यकता को फिर से रेखांकित किया।